Title: Need for alround development of Diara region of Bihar- Laid.

श्री सुबोध राय (भागलपुर)ः महोदय, भागलपुर लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत घोरघट-गनगनियां से लेकर बाखरपुर - बाबूपुर तक गंगा नदी के किनारे दियारा का विशाल क्षेत्र, अनाज उत्पादन के लिए काफी उपजाऊ होने के बावजूद भी विकास के मामले में अभी तक बिल्कुल पिछड़ा है। अनाज भंडारण का अभाव है। आवागमन के साधन एवं शिक्षा एवं स्वास्थ्य चिकित्सा ऊर्जा एवं संचार साधन के अभाव के कारण दियारे की जनता का जीवन अभावग्रस्त बना रहता है।

भारत सरकार से अनुरोध है कि दियारा क्षेत्र के व्यापक विकास हेतु केन्द्र सरकार प्रायोजित कार्य योजना के तहत आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जाए।